# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
# बाढ़ खण्ड, गोरखपुर

## अल्प कालीन ई–निविदा सूचना संख्या–02/अधि0अभि0/2026–27

पत्रांकः 1531 /बा0ख0गो0/निविदा/2026–27 दिनांकः 21/05/2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाइन **http://etender.up.nic.in/** के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं फाइनेन्शियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से **दिनांक 28.05.2026** को पूर्वान्ह **10.00** बजे से **दिनांक 04.06.2026** को अपरान्ह **01:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। मुख्य अभियन्ता (गण्डक), सिंचाई विभाग, उ0प्र0 गोरखपुर द्वारा निर्धारित समिति द्वारा निविदा दिनांक **04.06.2026** को अपरान्ह **03.00** बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्शियल बिड, खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर ई–पोर्टल के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

| लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (EMD) (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST, स्टेशनरी (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | जनपद गोरखपुर में राप्ती नदी के बायें तट पर स्थित छितहरी थुन्नी तटबंध के किमी0 7.790 से किमी0 7.840 के मध्य ग्राम–सरार के पास बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य। | 6.52 | 0.14 | 07 दिवस | 2714.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 2 | जनपद गोरखपुर में राप्ती नदी के बायें तट पर स्थित छितहरी थुन्नी तटबंध के किमी0 3.750 से किमी0 3.800 के मध्य ग्राम–सिहोरवा के पास बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य। | 4.73 | 0.10 | 07 दिवस | 2714.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 3 | जनपद गोरखपुर में गुर्रा नदी के बायें तट पर स्थित राजधानी सिलहटा तटबंध के किमी0 1.530 से 1.630 के मध्य ग्राम–राजधानी के पास बाढ़ सुरक्षात्मक कार्य। | 4.17 | 0.09 | 07 दिवस | 2714.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 4 | जनपद गोरखपुर में गुर्रा नदी के बायें तट पर स्थित राजधानी सिलहटा तटबंध के किमी0 0.950 से 1.150 तक टो–वॉल एवं स्लोप पिचिंग का कार्य। | 4.77 | 0.10 | 07 दिवस | 2714.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 5 | जनपद गोरखपुर में राप्ती नदी के दांये तट पर स्थित भौवापार बेला तटबंध के किमी0 10.590 एवं किमी0 10.670 पर स्थित स्पर के मध्य सुरक्षात्मक कार्य। | 7.00 | 0.14 | 07 दिवस | 2714.00 | 'सी' अथवा उच्च |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | जनपद गोरखपुर में राप्ती नदी के दांये तट पर स्थित भौवापार बेला तटबंध के किमी0 10.670 एवं किमी0 10.750 पर स्थित स्पर के मध्य सुरक्षात्मक कार्य। | 6.87 | 0.14 | 07 दिवस | 2714.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 7 | जनपद गोरखपुर में राप्ती नदी के दांये तट पर स्थित बसावनपुर रिंग तटबंध के किमी0 1.240 पर सुरक्षात्मक कार्य। | 7.19 | 0.15 | 07 दिवस | 2714.00 | 'सी' अथवा उच्च |
| 8 | जनपद गोरखपुर में राप्ती नदी के दायें तट पर स्थित मलांव तटबंध के किमी0 0.250 से किमी0 1.550 मध्य खडंजा लगाने का कार्य। | 33.80 | 0.68 | 15 दिवस | 2714.00 | 'बी' अथवा उच्च |

यह निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट **http://up.gov.nic.in/**, सूचना विभाग की वेबवाइट **http://information.up.nic.in/** तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट **http://irrigation.up.nic.in/** पर भी उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
बाढ़ खण्ड, गोरखपुर

क्रमशः............2

निविदा सूचना सख्या:-02 / अधि0अभि0 / 2026-27 से सम्बन्धित
नियम एवं शर्ते

1. यह निविदा / बिड सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट **http://up.gov.in/** सूचना विभाग की वेबसाइट **http://information.up.nic.in/** तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट **http://irrigation.up.nic.in/** पर उपलब्ध है।

2. निविदा अवधि में, निविदा सूचना एवं बिड की विस्तृत शर्तें निविदा / बिड प्रपत्र के साथ वेबसाइट **http://etender.up.nic.in/** पर उपलब्ध होगी। निविदादाता को अपनी बिड भरते समय निविदा / बिड प्रपत्र का पूरी तरह अध्ययन कर, बिड को वेबसाइट **http://etender.up.nic.in/** पर आनलाइन अपलोड करना होगा अन्यथा की स्थिति में पूरी जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

3. निविदादाता / बिडर द्वारा निविदा डालते समय प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी / ट्रेनिंग अथवा किसी अन्य कारण से शर्तो को पूर्ण न कर पाने / बाधित हो जाने के कारण निविदा न पड़ने पर विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

4. निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं पूर्ण अर्हता निर्धारण प्रपत्र **सम्बन्धित बिड डाक्यूमेन्ट (PRE QUQLIFICATION OF TECHNICAL AND FINANCIAL BID)** में संलग्न है।

5. निविदादाता को कार्यस्थल की पूर्ण जानकारी निविदा डालने से पूर्व स्वयं प्राप्त करनी होगी। कार्य से सम्बन्धित ड्राइंग एवं कार्य की विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 16:00 बजे तक **"अधिशासी अभियन्ता, बाढ़ खण्ड, गोरखपुर"** के कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे।

6. **<u>Cost of Bid Document/Tender Fee (Non-Refundable):</u> To be deposited in the account of UP e-tender online Account through e-tender portal by Internet Banking only. All concerned please note that bidding process will not move onward if the Bid Document's Cost (Tender Fee) is not paid through e-tender portal by Internet Banking.**

7. **<u>Bid Security/Earnest money deposit (EMD):</u> Bid must be accompanied with security of the amount specified for work. Bid security will be deposited in the account of UP e-tender online account through e-tender portal by Internet Banking only. All concerned please note that bidding process will not move onward if the Bid Security/Earnest money deposit (EMD) is not paid through e-tender portal by Internet Banking. No other form of bid security will be accepted.**

8. **Technical Evaluation by tender Committee will be done as per the procedure described in detailed bid document & financial bid clause 4.00 will be opened of only qualified bidders of technical bid process. Date of opening of Financial bid will be decided by the tender committee.**

क्रमशः............3

Scanned with OKEN Scanner

9. विशेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय में यदि कोई परिवर्तन होता है तो इसकी सूचना वेबसाइट http://etender.up.nic.in/ पर ऑन–लाइन उपलब्ध करा दी जायगी। निविदा प्रकिया ऑन–लाइन प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी भी लॉट के सम्बंध में समस्त अग्रिम कार्यवाही केवल ऑन–लाइन ही होगी। प्रत्येक निविदादाता की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निविदा प्रकिया शुरू होने के पश्चात् ऑन–लाइन निविदा के सम्बंध में होने वाले किसी भी संशोधन/शुद्धि–पत्र की जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in/ से प्राप्त करता रहे, अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी।

10. एक निविदादाता एक कार्य की केवल एक ही निविदा क्रय कर सकेगा एवं डाल सकेगा।

11. कोई निविदादाता जो राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज हो वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेगा। निविदा प्रकिया की अवधि में किसी निविदादाता को राज्य सरकार द्वारा काली सूची में दर्ज किये जाने/निविदा प्रक्रिया में भाग लेने हेतु प्रतिबंधित किये जाने की स्थिति में भी उसकी निविदा निरस्त/अयोग्य (Disqualify/Unresponsive) कर दी जायेगी।

12. राज्य बार काउन्सिल में पंजीकृत कोई भी अधिवक्ता निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकेंगे।

13. सिंचाई विभाग में कार्यरत किसी अधिकारी/कर्मचारी के सगे सम्बन्धी ठेकेदार इस निविदा को खरीद एवं डाल नहीं सकते हैं, ऐसा पाये जाने पर उनकी निविदा निरस्त कर, धरोहर राशि जब्त कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

14. ज्वाइंट वेंचर की निविदा किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जायेगी।

15. निविदा की टेक्निकल इवैल्यूएशन रिपोर्ट ई–पोर्टल पर अपलोड किये जाने के 24 घण्टे बाद फाइनेन्शियल बिड खोली जाएगी। यदि किसी निविदादाता को टेक्निकल इवैल्यूएशन रिपोर्ट पर आपत्ति होती है तो उसे केवल E-mail I.D. : flooddivisiongkp@gmail.com के माध्यम से उक्त 24 घण्टे की दी गयी अवधि में ही आपत्ति दर्ज करनी होगी। इस अवधि के पश्चात दर्ज की गयी किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

16. यह निविदा बाढ़ पूर्व कार्य कराने की संवेदनशीलता के दृष्टिगत प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति/बजट आवंटन की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही है। सम्बंधित कार्यो पर उपरोक्त स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त ही वित्तीय बिड खोलते हुए अनुबंध गठन की कार्यवाही की जाएगी।

17. निविदा सूचना एवं बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) की शर्तो में विरोधाभास/भिन्नता होने की स्थिति में **बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID)** में अंकित शर्ते ही मान्य होगीं।

क्रमशः.............4

Scanned with OKEN Scanner

18. निविदादाता/वैयक्तिक मालिकाना फर्म/भागीदारी फर्म/पब्लिक/प्राइवेट कम्पनी द्वारा निम्न न्यूनतम आवश्यक जानकारी/अभिलेख की स्कैन्ड पठनीय प्रति बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID), के साथ ही http://etender.up.nic.in/ पर आनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगा:—

I. बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) के क्लाज 8.01 एवं 8.03 (4) के अनुसार **सिचाई विभाग की वैध पंजीयन प्रमाण पत्र** की प्रति।

II. बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) के क्लाज 8.02 (a), (b) एवं (c) के अनुसार **चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1), हैसियत प्रमाण पत्र (IDT-2), स्व–घोषणा शपथ पत्र (IDT-3)** की प्रति। **भागीदारी फर्म/पब्लिक/प्राइवेट कम्पनी की स्थिति में सभी भागीदारों का चरित्र प्रमाण पत्र (IDT-1)** की प्रति।

III. बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) के क्लाज 8.02 (d) के अनुसार **पार्टनरशिप फर्म की दशा में निबंधन कार्यालय में पंजीकृत पार्टनशीप डीड व मुख्तारनामा/प्रधिकार पत्र (Power of Attorney)** की प्रति।

IV. बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) के क्लाज 8.02 (e) एवं (f) के अनुसार Certificate on affidavit in **Affidavit '1' and Affidavit '2'**.

V. बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) के क्लाज 8.02 (g) एवं (h) के अनुसार **Form-A and Form B.**

VI. बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) के क्लाज 8.02 (i) के अनुसार **प्रत्येक निविदादाता को रू0 100/— के नॉन–जुडिशियल स्टैम्प पेपर पर रू0 1/— का रसीदी टिकट लगाकर अनुबन्ध लिखना होगा कि "दरें 90 दिवस तक मान्य होंगी" की हस्ताक्षरित प्रति।** 90 दिन से पहले निविदा/आफर वापस लेने पर धरोहर राशि जब्त करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

VII. बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) के क्लाज 8.02 (j) के अनुसार **ID Form No. 112 की हस्ताक्षरित प्रति।**

VIII. बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) के क्लाज 8.03 (1) के अनुसार **टर्नओवर सर्टिफिकेट।**

IX. बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) के क्लाज 8.03 (2) के अनुसार **audited financial statements, Balance sheet, profit & Loss A/c supported by Income Tax Returns.**

X. बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) के क्लाज 8.03 (3a) व (3b) के अनुसार **विगत सात वर्षो (दिनांक: 01.05.2019 से 30.04.2026 तक) में सम्पादित (पूर्ण) किये गये समान प्रकृति के कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र।**

XI. बिड डाक्यूमेन्ट (TECHNICAL BID AND FINANCIAL BID) के क्लाज 8.03 (5) के अनुसार **सी0ए0 द्वारा प्रमाणित बिड कैपेसिटी।**

XII. **पैन कार्ड एवं जी0एस0टी0 पंजीकरण की प्रति।**

क्रमशः............5

Scanned with OKEN Scanner

19. अपलोड किये गये सभी अभिलेखों की स्कैन्ड कापी स्पष्ट व पठनीय होनी चाहिए क्योंकि तकनीकी मूल्यॉकन हेतु निविदादाता द्वारा ई–पोर्टल पर अपलोडेड अभिलेखों को डाउनलोड/प्रिन्ट किया जाना है। डाउनलोडेड अभिलेखों के प्रिन्ट पठनीय न होने पर निविदादाता की टेक्निकल बिड Disqualify/Unresponsive कर दी जायेगी तथा तत्सम्बन्धी किसी प्रकार की मॉग/क्लेम पर विचार नही किया जाएगा। उक्त की मूलप्रति न्यूनतम् निविदादाता के रूप में निविदा स्वीकार होने के पश्चात् उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा अन्यथा उनकी धरोहर धनराशि जब्त करते हुए सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

20. निविदा स्वीकार होने के उपरान्त अनुबंध के समय निविदादाता को नियमानुसार आवश्यक जमानत धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/बैंक गारन्टी अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में, जो राष्ट्रीयकृत बैक/शिड्यूल्ड बैंक/डाक–घर द्वारा निर्गत हो तथा आवश्यक स्टाम्प ड्यूटी देना अनिवार्य होगा। जमानत धनराशि एवं आवश्यक स्टाम्प ड्यूटी न देने की स्थिति में उसकी निविदा निरस्त करते हुए उसके विरूद्ध वाद दायर कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसका रजिस्ट्रेशन निरस्त कर काली सूची में डालने की कार्यवाही की जायेगी।

21. शासनादेश संख्या : 14/2024/692/23–07–2024/दिनांक: 09.08.2024 के अनुसार यदि न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृत (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत तक कम (below) है तो उस पर कोई परफार्मेन्स सिक्योरिटी नहीं ली जाएगी। न्यूनतम निविदादाता की निविदित लागत, स्वीकृत (बी0ओ0क्यू0) लागत से 10 प्रतिशत से अधिक कम (below) है तो 10 प्रतिशत से अधिक कमी (below) के सापेक्ष 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम (below) दर पर अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/बैंक गारन्टी अथवा नियमानुसार अनुमन्य अन्य प्रतिभूति के रूप में, जो राष्ट्रीयकृत बैक/शिड्यूल्ड बैंक/डाक–घर द्वारा निर्गत हों, देय होगी। यह परफारमेंस सिक्योरिटी निविदा में उल्लिखित जमानत धनराशि के अतिरिक्त देय होगी तथा अनुबन्ध के समय उक्त परफारमेंस सिक्योरिटी जमा करने की बाध्यता होगी तथा शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों के अधीन होगी। विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्य कराने में असफल रहने पर, जमानत धनराशि तथा परफार्मेन्स सिक्योरिटी विभाग द्वारा जब्त कर ली जायेगी।

22. निविदादाता द्वारा अनुबंध गठन के बाद कोई कार्य सबलेट नहीं किया जायेगा। अनुबंध के समय ठेकेदार से इस आशय का घोषणापत्र लिया जायेगा।

23. कार्यस्थल की आवश्यकतानुसार कार्य की मात्रा घट/बढ़ सकती है, जिसके लिए ठेकेदार का कोई क्लेम मान्य नहीं होगा।

24. **इस निविदा को अनुबंध गठित होने से पूर्व तक आंशिक या पूर्णरूप से बिना कारण बताये संशोधित/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।**

**क्रमशः.............6**

Scanned with OKEN Scanner

25. यदि कोई निविदादाता निर्धारित विधि एवं प्रक्रिया के विरूद्ध अनुबन्ध करने हेतु सक्षम प्राधिकारी पर दबाव/असम्यक असर डालता है तो प्रश्नगत निविदादाता के न्यूनतम निविदा की स्थिति में भी उसकी निविदा निरस्त किया जा सकता है।

26. यह संज्ञान में आने पर कि किसी निविदादाता द्वारा किसी अन्य संभावित निविदादाता को इस निविदा प्रक्रिया में भाग लेने एवं निविदा डालने से रोका गया हो या धमकी दी गयी हो तो ऐसे ठेकेदार के साथ यदि अनुबन्ध हो भी गया हो तो उसके साथ किया गया अनुबन्ध निरस्त किया जा सकता है।

27. अनुबन्ध गठित होने के पश्चात भी यदि यह तथ्य संज्ञान में आता है कि निविदादाता द्वारा किसी भी स्तर पर नियम एवं शर्तों का उल्लंघन किया गया है, तो ऐसे अनुबंध को सक्षम अधिकारी द्वारा सकारण आदेश प्रख्यापित कर निरस्त कर दिया जायेगा।

28. बीजक से आय कर, लेबर सेस, रॉयल्टी व अन्य टैक्स की नियमानुसार प्रचलित दर से कटौती की जायेगी। जी0एस0टी0 का भुगतान अलग से नियमानुसार किया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता
बाढ़ खण्ड, गोरखपुर

Signature Not Verified
Digitally signed by Bipin Bihari Singh
Date: 2026.05.24 16:39:31 IST
Location: Uttar Pradesh-UP

Scanned with OKEN Scanner